चंपावत में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर

चर्चा में क्यों?

हाल ही में उत्तराखंड के **मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी** ने चंपावत ज़िले के टनकपुर के रामलीला मैदान में आयोजित **विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर** में भाग लिया।

मुख्य बिंदु:

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने [राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM)] **के तहत 9 महिला समूहों को एक-एक लाख के चेक** वितरित किये साथ ही सहकारिता विभाग की 10 साधन [सहकारी समितियों] **एवं 10 महिला लाभार्थियों को NRLM के तहत 13 लाख** के चेक वितरित किये गये।
- योजनाओं के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिये प्रश्नोत्तरी, सांस्कृतिक कार्यक्रम और ड्रोन प्रदर्शन आयोजित किये गए। लाभार्थियों की व्यक्तिगत सफलता की कहानियों और उपलब्धियों को साझा करने के लिये **'मेरी कहानी-मेरी ज़ुबानी' जैसे कार्यक्रम** भी आयोजित किये गए।
  - मुख्यमंत्री ने नगर पालिका के लिये 11 नए वाहनों को भी हरी झंडी दिखाई.
- जन कल्याण योजनाओं पर केंद्रित **भारत संकल्प योजना केंद्र सरकार द्वारा** विकसित की गई है।
  - इस यात्रा का **संकल्प 2047 तक भारत को हर तरह से विकसित** करना है.
- यात्रा के लिये **ग्रामीण क्षेत्रों में 19 और शहरी क्षेत्रों में 15 योजनाओं** की पहचान की गई है।
  - पहचानी गई योजनाएँ स्वस्थ भारत मिशन, [खाद्य सुरक्षा], गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएँ, उचित पोषण, गरीबों के लिये आवास, वित्तपोषण संबंधी सेवाएँ और सामाजिक सुरक्षा से संबंधित हैं।
- प्रदेश में अब तक **63 हज़ार से अधिक प्रतिभागियों** को योजनाओं का लाभ मिल चुका है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/viksit-bharat-sankalp-yatra-camp-in-champawat